सफाई मित्रों और नागरिकों की भागीदारी पर रहा जोर : स्वच्छ सर्वेक्षण के दसवें संस्करण में शहरों की सफाई व्यवस्था का मूल्यांकन करने के तरीके में बदलाव किया गया है। इस बार नागरिकों की भागीदारी को पहले से ज्यादा महत्व दिया गया है। लोगों के फीडबैक का वेटेज बढ़ाया गया है,ताकि शहरों की स्वच्छता व्यवस्था का आकलन केवल सरकारी दावों या निरीक्षण के आधार पर नहीं, बल्कि आम नागरिकों के अनुभव के आधार पर भी हो सके। नागरिक ऐप,पोर्टल और क्यूआर कोड के जरिए पूरे साल अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं। इससे सफाई व्यवस्था,कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता को लेकर लोगों की राय सर्वेक्षण का हिस्सा बनेगी।

हर शहर से चार प्रतिनिधि ग्रहण करेंगे सम्मान : नई दिल्ली में होने वाले समारोह में प्रत्येक चयनित शहर से चार प्रतिनिधि सम्मान ग्रहण करेंगे। इनमें सफाई मित्रों के साथ स्वच्छता निरीक्षक,पर्यवेक्षक और अभियंता भी शामिल होंगे। इस व्यवस्था के जरिए स्वच्छता अभियान में सीधे तौर पर काम करने वाले कर्मचारियों को भी राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिलेगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तीनों शहरों के चयन पर नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों और सफाई मित्रों को बधाई दी है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय सफाई मित्रों की मेहनत और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को दिया।

Publication Name: Mana Telangana
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Hyderabad
Page No: 8
CCM: 70.21

Swachh Survekshan Award for GHMC

జీహెచ్ఎంసీకి స్వచ్ఛ సర్వేక్షణ్ అవార్డు

నేడు రాష్ట్రపతి చేతులమీదుగా స్వీకరించనున్న కమిషనర్

మన తెలంగాణ/సిటీబ్యూరో: స్వచ్ఛ సర్వేక్షణ్–2025–26 అవార్డుకు గ్రేటర్ హైదరాబాద్ మున్సిపల్ కార్పొరేషన్ఎంపికయ్యింది. ఢిల్లీలోని విజ్ఞాన్ భవన్‌లో బుధవారం జరగనున్న కార్యక్రమంలో ఈ అవార్డును కమిషనర్ ఆర్వి కర్ణన్ స్వీకరించనున్నారు. కేంద్ర గృహ నిర్మాణ,పట్టణ వ్యవహారాల మంత్రిత్వశాఖ అధ్వర్యంలో నిర్వహించనున్న స్వచ్ఛ సర్వేక్షణ్ జాతీవ అవార్డు ప్రధానోత్సవ కార్యక్రమం సాయంత్రం నాలుగు గంటలకు జరగనుంది. కార్యక్రమానికి ముఖ్యఅతిథిగా విచ్చేసే రాష్ట్రపతి ద్రౌపది ముర్ము చేతులమీదుగా ఈ అవార్డులను కమిషనర్ అందుకోనున్నారని,మంత్రి పొన్నం ప్రభాకర్ కూడా ఈ కార్యక్రమానికి హాజరుకానున్నారని జిహెచ్ఎంసి అధికారులు తెలిపారు.

Publication Name: Nai Dunia
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 9
CCM: 299.31

National award again for capital including Bilaspur and Bilha in Swachh Survekshan

स्वच्छ सर्वेक्षण में राजधानी सहित बिलासपुर और बिल्हा को फिर राष्ट्रीय पुरस्कार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा के प्रतिनिधियों को सम्मानित
- 11 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 2025-26 का समारोह होगा

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायपुरः स्वच्छता के राष्ट्रीय सर्वेक्षण छत्तीसगढ़ के तीन शहरों ने एक बार फिर अपनी जगह बनाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा का चयन हुआ है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 11 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में इन तीनों नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों को सम्मानित करेंगी। खास बात यह है कि पिछले साल भी तीनों शहरों को स्वच्छ सर्वेक्षण में राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। लगातार दूसरे वर्ष पुरस्कारों में जगह मिलने से प्रदेश के नगरीय निकायों की स्वच्छता गतिविधियों और जनभागीदारी पर ध्यान गया है।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित पुरस्कार समारोह सुबह 11:30 बजे शुरू होगा।

लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय पुरस्कारों में जगह : लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय पुरस्कारों में जगह बनाने वाले इन तीनों नगरीय निकायों के लिए यह उपलब्धि स्वच्छता व्यवस्था को आगे भी बनाए रखने की जिम्मेदारी बढ़ाती है।

अब चुनौती पुरस्कार हासिल करने के साथ-साथ शहरों में नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन और नागरिकों की भागीदारी को निरंतर मजबूत बनाए रखने की होगी।



हुमरतराई सब्जी मंडी रोड, हिमालयन हाइट्स रेजिडेंसी के पास वार्ड 53 की तस्वीर • नईदुनिया

समारोह में मंत्री-अफसर होंगे शामिल

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ की ओर से उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, सूडा के सीईओ सुमीत अग्रवाल सहित चयनित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्वच्छता कर्मी समारोह में भाग लेंगे।

Publication Name: NavBharat
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 1
CCM: 68.04

Swachh Survekshan: Raipur, Bilaspur and Bilha to get national honour today

स्वच्छ सर्वेक्षण: रायपुर बिलासपुर और बिल्हा को आज राष्ट्रीय सम्मान

रायपुर। स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए छत्तीसगढ़ के तीन शहरों का राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयन किया गया है और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार यानी 11 नवंबर को नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में इन तीनों शहरों को सम्मानित करेंगी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा शहरों का राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों और सफाई मित्रों को बधाई दी। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने राज्य सरकार को पत्र भेजकर इस संबंध में औपचारिक जानकारी दी है।

Publication Name: Prameya
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Bhubaneswar
Page No: 8
CCM: 59.6

Swachh Survekshan Awards to be received today

ଆଜି ମିଳିବ ସ୍ୱଚ୍ଛ ସର୍ବେକ୍ଷଣ ପୁରସ୍କାର

ଭୁବନେଶ୍ୱର,୧୦।୧୧(ବ୍ୟୁରୋ): ବୁଧବାର ଦଶମ ସ୍ୱଚ୍ଛ ସର୍ବେକ୍ଷଣ ପୁରସ୍କାର ଦିଆଯିବ। ସ୍ୱଚ୍ଛତା ଓ ପରିମଳ କ୍ଷେତ୍ରରେ ଭଲ ପ୍ରଦର୍ଶନ କରିଥିବା ଦେଶର ସହରଗୁଡ଼ିକୁ ପୁରସ୍କାର ମିଳିବ। ରାଷ୍ଟ୍ରପତି ଦ୍ରୌପଦୀ ମୁର୍ମୁଙ୍କ ହାତରୁ ପୁରସ୍କାର ପାଇବେ।

ଦିଲ୍ଲୀ ବିଜ୍ଞାନ ଭବନରେ ଏହି କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ଆୟୋଜିତ ହେବ। ଓଡ଼ିଶାରୁ ନେତୃତ୍ୱରେ ଏକ ଟିମ୍ ଦିଲ୍ଲୀ ଗସ୍ତରେ ଯାଇଛନ୍ତି। ପୁରୀ ମହାନଗର ନିଗମର ବରିଷ୍ଠ ଅଧିକାରୀ ଓ ଆସ୍କା ପୌରାଞ୍ଚଳର ଅଧ୍ୟକ୍ଷ, କାର୍ଯ୍ୟନିର୍ବାହୀ ଅଧିକାରୀମାନେ ଦିଲ୍ଲୀ ଯାଇଛନ୍ତି। ଏଥର ସ୍ୱଚ୍ଛ ସର୍ବେକ୍ଷଣର ଥିମ୍ ଅଛି ସ୍ୱଚ୍ଛତାର ନୂଆ ଆରମ୍ଭ, 'ହାତ ବଢ଼ାନ୍ତୁ ଓ ସାଥୀ ହୋଇ ସଫେଇ କରନ୍ତୁ'। ୨୦୨୫ରେ ହୋଇଥିବା ସ୍ୱଚ୍ଛ ସର୍ବେକ୍ଷଣରେ ଭୁବନେଶ୍ୱରକୁ ପ୍ରୋମିସିଂ

Publication Name: Reporter Post
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Ranchi
Page No: 3
CCM: 107.87

Jamshedpur selected for national award in Swachh Survekshan 2025-26

By Correspondent

Jamshedpur: Jamshedpur has once again made its mark on the national platform for cleanliness. The city has been selected from Jharkhand for a national award under Swachh Survekshan 2025-26.

President Droupadi Murmu will honour representatives of the Steel City at the 10th Swachh Survekshan Awards ceremony, scheduled to be held at Vigyan Bhawan in New Delhi on November 11.

The recognition reflects not only the achievement of the civic body but also the participation of citizens in cleanliness initiatives, the management of institutions responsible for sanitation services and the hard work of sanitation workers who keep roads and neighbourhood lanes clean.

Publication Name: Sakshi
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Hyderabad
Page No: 8
CCM: 58.91

'Swachh Survekshan' National Awards to be presented today

నేడు 'స్వచ్ఛ సర్వేక్షణ్' జాతీయ అవార్డుల ప్రదానం

- హాజరుకానున్న మంత్రి పొన్నం

సాక్షి, సిటీబ్యూరో: 'స్వచ్ఛ సర్వేక్షణ్-2025-26' జాతీయ అవార్డుల ప్రదానోత్సవ కార్యక్రమానికి మంత్రి పొన్నం ప్రభాకర్ హాజరుకానున్నారు. బుధవారం(నేడు) న్యూఢిల్లీలోని విజ్ఞాన్‌భవన్‌లో నిర్వహించే కార్యక్రమంలో తెలంగాణ తరఫున హైదరాబాద్ జిల్లా ఇన్‌చార్జ్ మంత్రి పొన్నం ప్రభాకర్, జీహెచ్ఎంసీ కమిషనర్ ఆర్వీ కర్ణన్, హెచ్ఎండీఏ కమిషనర్ సర్ఫరాజ్ అహ్మద్‌లు పాల్గొని.. రాష్ట్రపతి ద్రౌపది ముర్ము చేతుల మీదుగా అవార్డును అందుకోనున్నారు. స్వచ్ఛ భారత్ మిషన్(అర్బన్) కార్యక్రమంలో భాగంగా దేశ వ్యాప్తంగా పట్టణాలు, నగరాలలో చేపట్టిన పారిశుద్ధ్య నిర్వహణ, పరిశుభ్రత ప్రమాణాల ఆధారంగా అవార్డు అందజేయనున్నారు.

Publication Name: Satta Sudhar
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Bhopal
Page No: 1
CCM: 956.3

10th Swachh Survekshan! Indore again the topper, Bhopal out of the race for the award

10वां स्वच्छ सर्वेक्षण! इंदौर फिर सिरमौर भोपाल पुरस्कार की दौड़ से हुआ आउट



- आज नौ शहरों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान
- ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, सागर जिले का रहा शानदार प्रदर्शन
- घर-घर कचरा संग्रहण 52 फीसदी से बढ़कर 74 प्रतिशत हुआ
- आदमपुर में पांच लाख टन कचरे के डंप ने छीना भोपाल का पुरस्कार

सत्ता सुधार ■ भोपाल

स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर में अपनी अलग पहचान बनाने वाले मध्य प्रदेश के लिए 10वां स्वच्छ सर्वेक्षण खुशियों के साथ निराशा भी लाया। एक तरफ जहां प्रदेश के नौ शहरों ने अपनी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के बल पर राष्ट्रीय पुरस्कारों की सूची में स्थान बनाया है। वहीं दूसरी तरफ सात वर्षों तक स्वच्छता रैंकिंग में देश के दूसरे सबसे साफ शहर का खिताब हासिल करने वाली राजधानी भोपाल इस बार पुरस्कार की दौड़ से पूरी तरह बाहर हो गई है। बुधवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विजेता शहरों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस समारोह में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री तोखन साहू भी मौजूद रहेंगे।



इंदौर-देपालपुर की जोड़ी ने रचा इतिहास

स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत मध्य प्रदेश की सात जोड़ियों ने अपनी दावेदारी पेश की थी, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर केवल इंदौर और देपालपुर की जोड़ी ही सम्मान के लिए चुनी गई। इंदौर नगर निगम के कुशल मार्गदर्शन में देपालपुर ने अभूतपूर्व प्रगति की है। इसके अतिरिक्त, देवास नगर निगम के डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और वैज्ञानिक प्रबंधन मॉडल को भी राष्ट्रीय सराहना मिली है।

कचरा डंप भोपाल पर पड़ा भारी

भोपाल अपनी जोड़ीदार नगर परिषद बैरसिया के साथ अंतिम चयन सूची में जगह नहीं बना सका। राजधानी के आदमपुर खंती में जमा लगभग 5 लाख टन लीगेसी वेस्ट और कचरे के वैज्ञानिक निष्पादन में सामने आई गंभीर कमियां भोपाल के पिछड़ने की मुख्य वजह बनी हैं।

भोपाल को नहीं मिला न्योता

सुपर स्वच्छ लीग में शामिल इंदौर-देपालपुर की जोड़ी को न्योता मिल गया है, लेकिन भोपाल-बैरसिया को सोमवार शाम तक बुलावा नहीं मिला। नगर निगम के अधिकारी भी दिनभर न्योते का इंतजार करते रहे। इससे माना जा रहा है कि भोपाल-बैरसिया इस बार स्वच्छ शहर जोड़ी का पुरस्कार हासिल नहीं कर पाएंगे।

नौ शहरों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

देश भर के 4,909 शहरों के सूक्ष्म और कड़े आकलन के बाद अंतिम 57 उत्कृष्ट शहरों का चयन किया गया है। मध्य प्रदेश से चयनित नौ शहरों में इंदौर, देपालपुर, देवास, उज्जैन, बुदनी, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा और सागर शामिल हैं।

बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ: स्वच्छता की नई पहल- बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ विषय पर आयोजित 10वें स्वच्छ सर्वेक्षण का दायरा 2016 के 73 शहरों से बढ़कर इस बार 4,751 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों तक पहुंच गया है। 3,000 से अधिक प्रशिक्षित मूल्यांकनकर्ताओं ने 10 प्रमुख क्षेत्रों के 43 संकेतकों पर जीपीएस-आधारित डिजिटल निगरानी के जरिए पारदर्शी मूल्यांकन किया। इस सर्वेक्षण में स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं, जिसके तहत सहभागी शहरों में घर-घर कचरा संग्रहण 52 फीसदी से बढ़कर 74 प्रतिशत और प्रत्यक्ष स्वच्छता 48 से बढ़कर 70 फीसदी तक पहुंच गई है।

Publication Name: Shah Times
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 7
CCM: 78.42

Swachh Survekshan results will come today

स्वच्छ सर्वेक्षण का परिणाम आज आएगा

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-2026 का परिणाम बुधवार को घोषित किया जाएगा। केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से देशभर के अलग-अलग शहरों को स्वच्छता के हिसाब से रैंकिंग दी जाएगी। दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्राधिकरण को आमंत्रण पत्र मिल चुका है। इस लिहाज से नोएडा को कोई न कोई रैंक मिलने की उम्मीद है। सर्वेक्षण में नोएडा का इस बार परिणाम अहम होगा। पिछले साल नोएडा सुपर स्वच्छ लीग में देश के चुनिंदा 23 शहरों के साथ शामिल हुआ था। दिल्ली के विज्ञान भवन में आज होने वाले इस समारोह की सूचना प्राधिकरण को मिल गई है।

प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने उम्मीद जताई कि नोएडा बेहतर स्थान प्राप्त करेगा।अधिकारियों ने बताया कि इस बार का स्वच्छ सर्वेक्षण 10500 नंबर का था। इसके लिए 10 मानक तय किए गए हैं। इसमें सफाई की चमक दिखने पर 1500, कूड़ा छटनी और प्रबंधन पर 1000, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) के 1500, सफाई काम की क्षेत्र में पहुंच के 1000, एक बार उपयोग किए गए पानी के प्रबंधन पर 1000, मशीन से नालों की सफाई पर 500, स्वच्छता जागरुकता पर 1500, सफाई व्यवस्था का पूरा तंत्र मजबूत करने पर 1000, स्वच्छताकर्मियों के कल्याण पर 500 और सिटिजन फीडबैक के 1000 नंबर तय किए गए हैं।

Publication Name: Siasat
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Hyderabad
Page No: 9
CCM: 47.29

Invitation to GHMC for Swachh Survekshan Awards Ceremony

سوچھ سرویکشن ایوارڈس تقریب کیلئے جی ایچ ایم سی کو دعوت

حیدرآباد۔ 10 نومبر (سیاست نیوز)

سوچھ سرویکشن 26-2025 ایوارڈس کے لئے منتخب شہروں میں حیدرآباد کو شامل کیا گیا ہے چنانچہ گریٹر حیدرآباد میونسپل کارپوریشن (جی ایچ ایم سی) کو مرکزی وزارت ہاوزنگ اینڈ اربن افیرس سے 11 نومبر کو نئی دہلی میں ایوارڈس تقریب میں شرکت کیلئے دعوت نامہ موصول ہوا ہے۔ صدر جمہوریہ دروپدی مرمو وگیان بھون میں یہ ایوارڈس پیش کریں گی۔ جی ایچ ایم سی کمشنر آر وی کرنن اور دیگر عہدیداراس تقریب میں شرکت کریں گے۔ جی ایچ ایم سی تلنگانہ میں واحد اربن لوکل باڈی ہے جسے یہ دعوت نامہ موصول ہوا ہے۔ عہدیداروں نے یہ بات کہی۔ F/A

Publication Name: Swadesh
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Indore
Page No: 1
CCM: 169.28

Swachh Survekshan: President Murmu will present national awards today; 9 cities of the state including Indore-Depalpur-Dewas will be honored

स्वच्छ सर्वेक्षण : राष्ट्रपति मुर्मू आज प्रदान करेंगी राष्ट्रीय पुरस्कार

इंदौर-देपालपुर-देवास समेत प्रदेश के 9 शहर होंगे सम्मानित

स्वदेश समाचार ■ इंदौर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 11 नवंबर बुधवार को विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 पुरस्कार प्रदान करेंगी, जिनमें देश के सबसे स्वच्छ शहरों को सम्मानित किया जाएगा। इस बार स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों को भी पुरस्कार दिए जाएंगे। आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण का यह 10वां संस्करण है। इस बार इसकी विषयवस्तु 'स्वच्छता की नई पहल- बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' रखी गई है। मध्यप्रदेश के इंदौर सहित नौ शहरों को इस राष्ट्रीय समारोह का न्योता मिला है। मप्र के 9 शहरों में इंदौर, देपालपुर, देवास, उज्जैन, बुदनी, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा और सागर शामिल हैं। (पृष्ठ-3 भी देखें)



आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के शहरी विकास विभाग के अंतर्गत किए गए इस सर्वेक्षण में देशभर के 4,751 से अधिक शहरों का आकलन किया गया है। वर्ष 2016 में पहले सर्वेक्षण में 73 शहरी स्थानीय निकाय शामिल थे। इस बार सर्वेक्षण में नागरिकों की राय को अधिक महत्व दिया गया है। साथ ही शहरी नदी तटों, समुद्र तटों और जलाशयों को भी आकलन में शामिल किया गया है।

'स्वच्छ शहर जोड़ी' को भी मिलेगा पुरस्कार

इस वर्ष 'स्वच्छ शहर जोड़ी' पहल के बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस पहल के तहत 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 70 मार्गदर्शक शहरों को 191 सहयोगी शहरों से जोड़ा गया है। इसका उद्देश्य बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों के अनुभवों से दूसरे शहरों में कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था को सुधारना है। इस पहल की शुरुआत पिछले वर्ष सितंबर में की गई थी। इस पहल के तहत सहयोगी शहरों के प्रदर्शन में भी सुधार दर्ज किया गया है।

Related News:

Publication Name: Swadesh

Publication Date: 11/11/2026

Edition: Indore

Page No: 3

CCM: 83.77

Indore first in cleanliness due to 'Sabka Saath' - Vijayvargiya

सबके साथ के कारण इंदौर स्वच्छता में अव्वल-विजयवर्गीय



स्वच्छ भारत रैंकिंग पुरस्कार के लिए इस बार भी इंदौर को आमंत्रित किया गया है। मंगलवार को कार्यक्रम की रिहर्सल हुई और बुधवार 11 नवम्बर को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु स्वच्छ शहरों को पुरस्कृत करेंगी। इंदौर की टीम सोमवार को दिल्ली पहुंच गई है। देपालपुर को टॉप थ्री में स्थान मिलने की संभावना है। दिल्ली से आए निमंत्रण को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा पर काम करती है। इंदौर की स्वच्छता को शहरवासियों का साथ मिलता है। इसी कारण इंदौर स्वच्छता के मामले में लगातार नंबर वन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता मिशन की शुरुआत की थी और उनकी इस अवधारणा को इंदौर ने आत्मसात किया। अब इंदौर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र भी स्वच्छता के मामले में आगे बढ़ रहे है। उन्होंने बताया कि वे बुधवार को दिल्ली में होने वाले पुरस्कार समारोह में शामिल होंगे। देपालपुर में भी अधिकारियों ने सफाई का इंदौरी मॉडल लागू किया है। यहां वर्षों से जमा करीब 50 टन कचरे का निपटान किया गया और देपालपुर को कचरापेटी मुक्त बनाया गया। साथ ही लोगों को जागरूक कर घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था को भी पारदर्शी ढंग से लागू किया गया।

Publication Name: Swatantra Vartha
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Hyderabad
Page No: 11
CCM: 173.38

Honor for the hard work of thousands of sanitation friends; CM congratulated, three cities will get awards in Swachh Survekshan

हजारों सफाई मित्रों के परिश्रम का सम्मान

सीएम ने दी बधाई, स्वच्छता सर्वेक्षण में तीन शहरों को मिलेगा पुरस्कार

रायपुर, 10 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के तीन शहरों को स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 11 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में तीनों शहरों को सम्मानित करेंगी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा शहरों का राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयन किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने राज्य सरकार को लेटर भेजकर इस संबंध में औपचारिक जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों, सफाई मित्रों के समर्पण और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का परिणाम है।

केंद्रीय मंत्रालय की तरफ से भेजे गए लेटर के अनुसार, स्वच्छ भारत के लक्ष्यों को हासिल करने में



नागरिकों की सहभागिता और नगरीय निकायों के प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका है। छत्तीसगढ़ के तीन शहरों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन दर्शाता है कि स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर प्रयासों और सामूहिक भागीदारी से उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। लेटर में कहा गया है कि स्वच्छ सर्वेक्षण के दसवें संस्करण में इन तीनों शहरों को मिलने वाली राष्ट्रीय पहचान प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों को भी स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करेगी। अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की थीम 'स्वच्छता की नई पहल - बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' रखी गई है। यह स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी, जनजागरुकता और नागरिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित करती है। उन्होंने बताया कि नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मान समारोह की एक विशेषता यह भी होगी कि स्वच्छता व्यवस्था को जमीन पर सफल बनाने वाले सफाई मित्रों और मैदानी कर्मचारियों की भागीदारी को विशेष महत्व दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों और सफाई मित्रों को बधाई दी। यह सम्मान उन हजारों सफाई मित्रों के परिश्रम का भी सम्मान है, जो प्रतिदिन हमारे शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए अथक मेहनत करते हैं।

Publication Name: Veluthuru
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Telangana
Page No: 12
CCM: 130.91

Telangana representatives to receive Swachh Survekshan National Award

స్వచ్ఛ సర్వేక్షణ్ జాతీయ అవార్డు అందుకోనున్న తెలంగాణ ప్రతినిధులు

- మంత్రి పొన్నం ప్రభాకర్, జీహెచ్ఎంసీ, హెచ్ఎండీఏ కమిషనర్లకు పురస్కారం
- నేడు న్యూఢిల్లీలో రాష్ట్రపతి ద్రౌపది ముర్ము చేతుల మీదుగా ప్రదానం

హైదరాబాద్, వెలుతురు, నవంబర్ 10:

స్వచ్ఛ సర్వేక్షణ్ 2025-26 జాతీయ అవార్డును తెలంగాణ ప్రతినిధులు అందుకోనున్నారు. హైదరాబాద్ ఇన్‌ఛార్జ్ మంత్రి పొన్నం ప్రభాకర్, జీహెచ్ఎంసీ కమిషనర్ ఆర్వీ కర్ణన్, హెచ్ఎండీఏ కమిషనర్ సర్ఫరాజ్ అహ్మద్ ఈ పురస్కారాన్ని స్వీకరించనున్నారు. నవంబర్ 11న న్యూఢిల్లీలోని విజ్ఞాన్ భవన్‌లో జరిగే కార్యక్రమంలో రాష్ట్రపతి ద్రౌపది ముర్ము చేతుల మీదుగా అవార్డుల ప్రదానం జరగనుంది. కేంద్ర గృహనిర్మాణ, పట్టణ వ్యవహారాల మంత్రిత్వ శాఖ ఆధ్వర్యంలో స్వచ్ఛ భారత్ మిషన్-అర్బన్‌లో భాగంగా ఈ అవార్డులను ప్రకటించారు. దేశవ్యాప్తంగా పట్టణాలు, నగరాల్లో పారిశుధ్య నిర్వహణ, పరిశుభ్రత ప్రమాణాలు, స్వచ్ఛత కార్యక్రమాల అమలు తదితర అంశాలను పరిగణనలోకి తీసుకుని ర్యాంకులు, పురస్కారాలను ఖరారు చేశారు.

నవంబర్ 11న సాయంత్రం 4గంటలకు విజ్ఞాన్ భవన్‌లోని ప్లీనరీ హాల్‌లో అవార్డుల ప్రదానోత్సవం ప్రారంభం కానుంది. ఈ కార్యక్రమానికి కేంద్ర గృహనిర్మాణ, పట్టణ వ్యవహారాలు, విద్యుత్ శాఖ మంత్రి మనోహర్ లాల్, కేంద్ర సహాయ మంత్రి తోఖన్ సాహు హాజరుకానున్నారు. అవార్డుల ప్రదానానికి ముందు రాష్ట్రపతి పురస్కార గ్రహీతలతో గ్రూప్ ఫొటోలో పాల్గొంటారు. అనంతరం 'స్వచ్ఛ సర్వేక్షణ్ దశాబ్ది'తో పాటు ఇతర డాక్యుమెంటరీలను ప్రదర్శించి, జాతీయ స్థాయి పురస్కారాలను అందజేయనున్నారు.

Publication Name: Yugmarg
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Chandigarh
Page No: 10
CCM: 151.38

Karnal to receive President's Award again for making it to Swachh Survekshan 2025 cleanest cities list

SHIV KUMAR SHARMA
KARNAL, NOV 10

The Municipal Corporation Karnal is set to receive the prestigious President's Award once again for securing a place among the country's cleanest cities in the Swachh Survekshan 2025 rankings. The Union Ministry of Housing and Urban Affairs has announced the recognition. With this achievement, Karnal has become the first municipal corporation in Haryana to receive the award twice.

The Swachh Survekshan Awards ceremony will be held at Vigyan Bhawan in New Delhi on November 11, where President Droupadi Murmu will present the award. Mayor



Renu Bala Gupta described the achievement as a proud moment for Karnal and congratulated the sanitation wing, Safai Mitras and residents for their contributions. She said the recognition was the result of the dedicated efforts of sanitation workers and the active cooperation of citizens.

She highlighted the significance of the Swachh Bharat Mission, launched by Prime Minister Narendra Modi on October 2, 2014, on the birth anniversary of Mahatma Gandhi. The initiative aims to make the country clean and free from litter. Besides promoting cleanliness, the campaign also plays an important role in preventing diseases and protecting the environment, she added. Municipal Commissioner Saloni Sharma said the achievement was the outcome of months of dedicated efforts, innovative approaches and the unwavering commitment of all stakeholders towards maintaining cleanliness.

Publication Name: Dainik Jagran
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Hissar
Page No: 1
CCM: 113.99

Karnal will receive the President's Award for the second consecutive time in the field of cleanliness

करनाल को स्वच्छता क्षेत्र में लगातार दूसरी बार मिलेगा राष्ट्रपति पुरस्कार

आज विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी सम्मानित, यह उपलब्धि पाने वाला हरियाणा का पहला नगर निगम बना करनाल

जागरण संवाददाता • करनाल: स्वच्छता के क्षेत्र में करनाल ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में देश के स्वच्छ शहरों की सूची में जगह बनाने के साथ नगर निगम लगातार दूसरी बार राष्ट्रपति पुरस्कार हासिल करेगा।

बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नगर निगम को सम्मानित करेंगी। लगातार दूसरी बार यह सम्मान पाने वाला करनाल हरियाणा का पहला नगर निगम बन गया है। करनाल की इस उपलब्धि के पीछे स्वच्छता व्यवस्था में किए गए निरंतर सुधार, कचरा प्रबंधन और नागरिकों की भागीदारी को अहम माना जा रहा है। पिछले सर्वेक्षण में शहर ने 50 हजार से तीन लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश में तीसरा स्थान पाया था। गारबेज फ्री सिटी में तीन स्टार रेटिंग व वाटर प्लस का दर्जा भी मिला था। इस बार भी पुरस्कार के लिए चयन ने नगर निगम की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया है। हालांकि अब असली चुनौती इस प्रदर्शन को बरकरार रखने की है। स्वच्छता को सर्वेक्षण तक सीमित रखने के बजाय नागरिकों की रोजमर्रा की आदतों में शामिल करना व व्यवस्थाएं स्थायी बनाना निगम के सामने बड़ी जिम्मेदारी होगी।

Publication Name: Dainik Jagran
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Jameshedpur
Page No: 4
CCM: 118.8

Jamshedpur to get National Cleanliness Award, President will honor today

जमशेदपुर को राष्ट्रीय स्वच्छता पुरस्कार, आज राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

जासं, जमशेदपुर: स्वच्छता के राष्ट्रीय फलक पर लौहनगरी ने एक बार फिर अपनी पहचान बनाई है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में जमशेदपुर को राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। मंगलवार को यह खबर मिलते ही प्रशासनिक महकमे और शहरवासियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जमशेदपुर को इस राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित करेंगी।

पुरस्कार ग्रहण करने के लिए नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) के आयुक्त समेत वरिष्ठ अधिकारियों का दल दिल्ली रवाना हो चुका है। समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहेंगे। मंत्रालय ने जमशेदपुर की राष्ट्रीय रैंकिंग और पुरस्कार की विशिष्ट श्रेणी का खुलासा अभी नहीं किया है। बुधवार शाम चार बजे समारोह के दौरान इसकी घोषणा की जाएगी। यह उपलब्धि शहर की आधुनिक अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, स्वच्छता मित्रों के परिश्रम और नागरिकों की सक्रिय सहभागिता का परिणाम है। टाटा स्टील यूआइएसएल और जेएनएसी के समन्वय से घर-घर कूड़ा उठाव, कचरा पृथक्करण और गार्बेज फ्री सिटी के मानकों पर शहर ने प्रदर्शन किया।

विदित हो कि इससे पहले जमशेदपुर तीन से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश का तीसरा सबसे स्वच्छ शहर बन चुका है। शहर को फाइव स्टार और वाटर प्लस का तमगा भी मिल चुका है।

Publication Name: Dainik Jagran
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Lucknow
Page No: 8
CCM: 266.36

Lucknow to receive award from President today in cleanliness ranking

स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ को आज राष्ट्रपति से मिलेगा अवार्ड

अजय श्रीवास्तव ● जागरण

- पिछली बार देश में तीसरे नंबर पर था लखनऊ नगर निगम
- दिल्ली के विज्ञान भवन में चार बजे राष्ट्रपति देंगी पुरस्कार



शिवरी प्लांट का नजारा, जहां पहले दिखते थे कूड़े के पहाड़ ● विभाग

लखनऊ : शहर की स्वच्छता रैंकिंग कल बुधवार को जारी होगी। राष्ट्रपति शाम चार बजे दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत स्वच्छ शहरों के महापौरों को स्वच्छ सर्वेक्षण अवार्ड देंगी। लखनऊ का अवार्ड नगर विकास मंत्री एके शर्मा, प्रमुख सचिव नगर विकास पी गुरु प्रसाद, महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार और अपर नगर आयुक्त डा. अरविंद राव लेंगे। पिछली बार लखनऊ देश के स्वच्छ शहरों में तीसरे स्थान पर था।

उत्तर प्रदेश से लखनऊ के अलावा गाजियाबाद और वाराणसी नगर निगम को भी स्वच्छ सर्वेक्षण अवार्ड समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। गंगा टाउन सिटी होने के कारण वाराणसी को भी अच्छी रैंकिंग मिलने की उम्मीद है, जबकि गाजियाबाद को भी अवार्ड मिल सकता है। अब देश का कौन सा शहर टाप टेन में जगह पाता है, यह तो बुधवार शाम चार बजे सूची जारी होने से साफ हो सकेगा।

इस बार रैंकिंग में नागरिकों के फीडबैक का खास महत्व है। कुल अंकों में 50 प्रतिशत हिस्सा इसी से मिलेगा। लखनऊ में 5.60 लाख से अधिक लोगों ने शहर की सफाई पर फीडबैक दिया। सूरत में यह संख्या साढ़े पांच लाख से कम रही। फीडबैक के मामले में आगरा में सवा चार लाख, जबलपुर में सवा तीन लाख और औरंगाबाद में 1.30 लाख लोगों ने राय दी। जयपुर में 97 हजार, जबकि कोयंबटूर और पटना में यह संख्या 50 हजार तक नहीं पहुंची।

इन सवालों पर उतरना था खरा : रैंकिंग में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए लाइसेंस प्राप्त आपरेटरों का इस्तेमाल, सार्वजनिक शौचालयों का रखरखाव, नालों का कवरेज, फुटपाथ और डिवाइडर की हालत, कचरे की 100 प्रतिशत छंटाई, पालीथीन पर प्रतिबंध, सड़कों से बड़े बिन हटाने और कूड़ा उठाने वाले वाहनों में ट्रैकिंग मानिटरिंग सिस्टम की उपलब्धता भी शामिल थी। स्कूलों की सफाई और खुले में मल-मूत्र त्याग की स्थिति का भी मूल्यांकन होना था।

ये लेंगे पुरस्कार : बनारस का पुरस्कार महापौर अशोक कुमार तिवारी, सचिव नगर विकास अनुज कुमार झा, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, अपर नगर आयुक्त सविता, गाजियाबाद का पुरस्कार महापौर सुनीता दयाल, अपर निदेशक स्थानीय निकाय ऋतु सुहास, नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक और अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार लेंगे। इन्हें भारत सरकार से निमंत्रण भेजा गया है।

स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ की राष्ट्रीय रैंकिंग : 2017 में 269, 2018 में 115, 2019 में 121, 2020 में 12, 2021 में 12, 2022 में 17, 2023 में 44 और 2024 में तीन।

Publication Name: Dainik Bhaskar
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Delhi
Page No: 9
CCM: 2013.85

Karnal will get cleanliness award today, President will honor

करनाल को आज स्वच्छता पुरस्कार मिलेगा, राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग दो अवॉर्ड जीत चुका करनाल

भास्कर न्यूज | करनाल/चंडीगढ़

करनाल ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शानदार प्रदर्शन के चलते शहर का पहले तीन विजेताओं में चयन हुआ है। 11 नवंबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में सम्मान समारोह आयोजित होगा, जहां पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के पुरस्कार की घोषणा होगी। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू यह सम्मान प्रदान करेंगी। करनाल शहर इससे पहले भी लगातार दो बार स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग अवॉर्ड जीत चुका है। शहर को 50 हजार से तीन लाख आबादी वाले शहरों में पहले अवार्ड मिले हैं।

शहर को बेहतर रैंकिंग दिलाने में सुगम स्वच्छता प्राइवेट लिमिटेड एजेंसी का अहम रोल रहा है, क्योंकि डोर टू डोर कचरा संग्रहण और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट पर बेहतर निष्पादन कार्य और स्वच्छता मित्रों की मेहनत व अधिकारियों की मॉनिटरिंग से यह सम्मान मिलने जा रहा है। समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू भी मौजूद रहेंगे। मेयर रेणु बाला गुप्ता और आयुक्त सलोनी शर्मा ने इस उपलब्धि पर सफाई मित्रों, स्वच्छता शाखा के अधिकारियों-कर्मचारियों, सुगम स्वच्छता एजेंसी और शहरवासियों को बधाई दी है।

स्वच्छता में करनाल की उपलब्धि

- 2017 में 65वीं राष्ट्रीय रैंक
- 2018 में 41वां स्थान
- 2019 में 24वां स्थान
- 2020 में 17वां स्थान
- 2021 में 86वां स्थान
- 2022 में 85वां स्थान
- 2023 में 115वां स्थान
- 2024 में तीसरा स्थान और राष्ट्रपति सम्मान

Publication Name: Dainik Bhaskar
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Chandigarh
Page No: 3
CCM: 93.61

Karnal will get cleanliness award today, President will honor

करनाल को आज स्वच्छता पुरस्कार मिलेगा, राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में दो अवॉर्ड जीत चुका करनाल

करनाल/चंडीगढ़| करनाल ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26' में शानदार प्रदर्शन के चलते शहर का चयन देश के शीर्ष तीन विजेताओं में हुआ है। 11 नवंबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करनाल को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित करेंगी। इसी मंच पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के पुरस्कारों की घोषणा होगी। समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी मौजूद रहेंगे। 50 हजार से 3 लाख आबादी वर्ग वाले शहरों में करनाल पहले भी दो बार यह सम्मान हासिल कर चुका है। शहर की इस उपलब्धि में 'सुगम स्वच्छता एजेंसी' के योजनाबद्ध डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और सफाई मित्रों की मेहनत की मुख्य भूमिका रही। मेयर रेणु बाला गुप्ता और निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने सफाई मित्रों, अधिकारियों और शहरवासियों को बधाई दी है। कभी 135वीं रैंकिंग पर रहने वाले करनाल ने कचरा प्रबंधन और खाद निर्माण जैसे नवाचारों के दम पर यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है।

Publication Name: Amrit Sandesh
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 3
CCM: 157.68

President Droupadi Murmu will honor three cities of Chhattisgarh, will receive cleanliness award on November 11

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी छत्तीसगढ़ के तीन शहरों को सम्मानित, 11 नवंबर को मिलेगा स्वच्छता पुरस्कार



रायपुर, (असं)। स्वच्छता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रदेश के तीन नगरीय निकायों रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा का राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयन हुआ है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 11 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में इन शहरों को सम्मानित करेंगी।केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सुबह 11:30 बजे से स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी मौजूद रहेंगे।छत्तीसगढ़ की ओर से उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन तथा विकास मंत्री अरुण साव समारोह में शामिल होंगे। उनके साथ विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, सूडा के सीईओ सुमीत अग्रवाल तथा पुरस्कार के लिए चयनित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्वच्छता कर्मी भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण के दसवें संस्करण में छत्तीसगढ़ के तीन शहरों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान के लिए चुना गया है। इस बार सर्वेक्षण की थीम 'स्वच्छता की नई पहल—बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' रखी गई है। इसके माध्यम से स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने और सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया है।प्रदेश के चयनित शहरों में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए नगरीय निकायों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सफाई मित्रों तथा आम नागरिकों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।गौरतलब है कि रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा को पिछले वर्ष भी स्वच्छ सर्वेक्षण में पुरस्कार मिला था। इस बार दोबारा राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने से प्रदेश की स्वच्छता संबंधी उपलब्धियों को नई पहचान मिली है।

Publication Name: Lokswar
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Bilaspur
Page No: 10
CCM: 182.48

President Draupadi Murmu will honor Bilaspur today

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज करेंगी बिलासपुर को सम्मानित

रायपुर और बिल्हा नगरीय निकाय भी होंगे सम्मानित

पिछले साल भी तीनों शहरों ने हासिल किया था राष्ट्रीय सम्मान

लोकस्वर मीडिया नेटवर्क
lokswar.in

बिलासपुर। स्वच्छता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के लिए एक बार फिर गौरव का अवसर है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयनित प्रदेश के तीन नगरीय निकायों रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सम्मानित करेंगी। 11 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में तीनों शहरों को स्वच्छता पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित यह समारोह सुबह 11:30 बजे शुरू होगा। इसमें केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ की ओर से उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, सूडा के सीईओ सुमीत अग्रवाल सहित चयनित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्वच्छता कर्मी समारोह में शामिल होंगे।

सफाई मित्रों और नागरिकों की भागीदारी बनी आधार

स्वच्छ सर्वेक्षण के दसवें संस्करण में छत्तीसगढ़ के तीन शहरों का राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। इस वर्ष सर्वेक्षण की थीम 'स्वच्छता की नई पहल-बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' रखी गई है। इसके जरिए स्वच्छता को सामूहिक जिम्मेदारी बनाने और नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया है। तीनों शहरों में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ सफाई मित्रों और आम नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। खास बात यह है कि पिछले वर्ष भी रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा को स्वच्छ सर्वेक्षण में राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान के लिए चयनित होना प्रदेश के नगरीय निकायों की उपलब्धि मानी जा रही है।

Publication Name: Mahanadi Superfast
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Bhubaneswar
Page No: 1
CCM: 233.61

President Smt. Droupadi Murmu will honor Raipur, Bilaspur and Bilha

रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु करेंगी सम्मानित

11 नवम्बर को देंगी स्वच्छता पुरस्कार

स्वच्छ सर्वेक्षण में तीनों शहरों को पिछले साल भी मिला था पुरस्कार



रायपुर (संवाददाता)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में राष्ट्रीय पुरस्कारों में जगह बनाने वाले छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा को सम्मानित करेंगी। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 11 नवम्बर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सवेरे साढ़े 11 बजे से स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया है। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू भी इसमें शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ की ओर से उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव, प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा, सूडा के सीईओ श्री सुमीत अग्रवाल तथा चयनित निकायों के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्वच्छता कर्मी समारोह में भागीदारी करेंगे।

सफाई मित्रों की मेहनत और नागरिकों की भागीदारी बनी उपलब्धि का आधार

स्वच्छ सर्वेक्षण के दसवें संस्करण में छत्तीसगढ़ के तीन शहरों का राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयन हुआ है। इस बार सर्वेक्षण की थीम स्वच्छता की नई पहल—बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ रखी गई है। यह थीम स्वच्छता के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और जनभागीदारी पर जोर देती है। प्रदेश के चयनित शहरों में स्वच्छता गतिविधियों के संचालन में नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ सफाई मित्रों और नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

गोवर्धन पूजा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, गौसेवा और पर्यावरण संरक्षण का पावन पर्व : मुख्यमंत्री श्री साय

Publication Name: Sach Bedhadak
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Jaipur
Page No: 2
CCM: 1227.51

President Droupadi Murmu will honor the winning cities; Jaipur's success will be celebrated in Delhi today, Mayor-Commissioner invited to the national stage

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी विजेता शहरों को सम्मानित

दिल्ली में आज बजेगा जयपुर का डंका, राष्ट्रीय मंच पर मेयर-कमिश्नर को बुलावा

बेधड़क | जयपुर

गुलाबी नगरी की स्वच्छता और सुंदरता को लेकर किए गए प्रयासों का परिणाम अब राष्ट्रीय मंच पर सामने आने वाला है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार समारोह में शामिल होने के लिए जयपुर के मेयर सुनील कोठारी और नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा को दिल्ली बुलाया गया है। बुधवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देशभर के बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शहरों को सम्मानित करेंगी। ऐसे में जयपुर की निगाहें बुधवार को आने वाले नतीजों पर टिकी हैं। शहर को किस श्रेणी में पुरस्कार मिलेगा और रैंकिंग में कितना सुधार हुआ है, इसका खुलासा समारोह में होगा। इस बार जयपुर नगर निगम ने स्वच्छता को केवल सफाई अभियान तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसमें जनभागीदारी और नवाचारों को भी जोड़ा। दीपावली के दौरान विशेष सफाई अभियान, शहर की सजावट, स्वच्छता प्रतियोगिताएं और नागरिकों को अपने घरों के साथ आसपास के क्षेत्र को साफ रखने के लिए प्रेरित करने जैसे प्रयास किए गए। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विशेष अभियान भी चलाए गए।

नवाचारों पर टिकी उम्मीदें

नगर निगम की ओर से किए गए इन प्रयासों के चलते जयपुर को इस बार बेहतर रैंकिंग मिलने की उम्मीद है। मेयर और कमिश्नर को समारोह में आमंत्रित किए जाने से पुरस्कार की संभावनाओं को लेकर भी उत्सुकता बढ़ गई है। हालांकि जयपुर को कौन-सा पुरस्कार मिलेगा, इसकी आधिकारिक जानकारी परिणाम घोषित होने के बाद ही सामने आएगी। अब देखना होगा कि स्वच्छता के राष्ट्रीय मुकाबले में गुलाबी नगरी कितनी चमक बिखेर पाती है।

Publication Name: Swadesh Jyoti
Publication Date: 11/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 1
CCM: 2141.41

President Murmu will honor; Raipur, Bilaspur and Bilha will receive National Cleanliness Award today

राष्ट्रपति मुर्मु करेंगी सम्मानित

रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा को आज मिलेगा राष्ट्रीय स्वच्छता पुरस्कार

विशेष संवाददाता, रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयनित छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा को 11 नवंबर को सम्मानित करेंगी। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 11 नवंबर की सुबह 11:30 बजे से आयोजित समारोह में राष्ट्रपति इन निकायों को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान करेंगी।प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री अरुण साव के कार्यालय के मुताबिक केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित इस समारोह में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ की ओर से उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल सहित चयनित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्वच्छता कर्मी हिस्सा लेंगे।



सर्वेक्षण की थीम– 'बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ'

स्वच्छ सर्वेक्षण के 10वें संस्करण में छत्तीसगढ़ के तीन शहरों का राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयन प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस वर्ष सर्वेक्षण की थीम स्वच्छता की नई पहल– 'बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' रखी गई है। इसके माध्यम से स्वच्छता अभियान में सामूहिक जिम्मेदारी और नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया है। इस उपलब्धि में नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ सफाई मित्रों और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भूमिका रही है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण के पिछले संस्करण में भी रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त हुए थे।